बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

Truth Will Triumph

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या..........................

पटना
दिनांक 1-10-2000

प्रेस विज्ञप्ति

आज हड़ताल का 39वाँ दिन है। सरकार द्वारा हड़ताल समाप्त कराने की जो पहल हुई थी वह सत्ता के करीब रहकर सुख भोगने वाले पदलोलुप नौकरशाही की चापलूसी के कारण बेकार गया। नौकरशाह अपनी जिद अड़े रह कर सरकार को गुमराह करते रहे और सरकार नौकरशाहों के विवाद में पड़कर निर्णय लेने से कतराती रही। फलतः हड़ताल की स्थिति ज्यों की त्यों रह गई जो छठ पूजा तक सम्भवतः चलती रहेगी। सरकार का विकास, राजस्व, साहाय्य एवं न्यायालय का कार्य {सिविल} पूर्णतः बाधित है। आर्थिक स्थिति भयावह होने ही वाली है और इसका खामियाजा अन्ततः सरकार एवं उसकी जनता को ही भुगतना पड़ेगा।

एक महत्वपूर्ण सांसद ने राज्य के आर्थिक स्थिति और हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा एवं केन्द्र से माँगी जाने वाली आर्थिक पैकेज के सन्दर्भ में ठीक ही कहा है "बिहार सरकार ने जितनी राशि की माँग केन्द्र सरकार से की है, एवं सरकार के विकास कार्यों पर खर्च होने की जो वार्षिक सीमायें हैं उसके अनुसार अगर केन्द्र सरकार पूरी की पूरी पैकेज राशि दे देती है तो उक्त राशि खर्च करने में राज्य सरकार को 180 वर्ष लगेंगे"। माननीय सांसद महोदय के आँकलन एवं राज्य में बढ़ते विकास के दर तथा आर्थिक स्थिति की सही स्थिति का मूल्यांकन वरिष्ठतम चापलूस नौकरशाह तो कभी नहीं करेंगे पर हमारी भोली भाली सरकार को सोचना एवं समझना चाहिए, क्योंकि अन्ततः विकास का आधार ही उनकी सरकार का महत्वपूर्ण पहलू हो सकेगा।

सरकार ने बिहार प्रशासनिक सेवा के साथ-साथ सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों से झारखंड राज्य में जाने या न जाने का विकल्प माँगा है। वरिष्ठतम नौकरशाहों के आचरण से त्रस्त होकर बिहार प्रशासनिक सेवा संघ अपने सभी सदस्यों को झारखंड राज्य में सेवा भेजने की माँग करती है। हमारे संघ के कोई भी सदस्य ऐसी बेरूखी, उदासीन एवं संवेदनशून्य सरकार के साथ-साथ चापलूस, बदमिजाज, भ्रष्ट, स्वार्थी नौकरशाहों के अधीन कार्य करना नहीं चाहते हैं। हमारे सभी सदस्यों की सेवा झारखंड को सौंप दी जाय ताकि बिहार की सरकार उन चालूस पदाधिकारियों के बल पर राज्य को विनाश के अंतिम पायादान पर पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त करे।

कृ०पृ०उ०---2

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O) 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू॰ एन॰ सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी॰ एल॰ दास)

Truth Will Triumph

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या........................

पटना
दिनांक........................

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ यह निर्णय लेने को बाध्य है कि कैडर विद्वेष रखने वाले भा0प्र0से0 के लिए सामान्य शिष्टाचार को छोड़कर "सर" नहीं कहने के साथ-साथ सलाम और प्रणाम नहीं करेंगे । हमारा कोई भी सदस्य अनुमंडल से लेकर सचिवालय स्तर तक भा0प्र0से0 के किसी भी पदाधिकारियों को कोई भी अभिवादन न करेंगें । लेकिन सामान्य शिष्टाचार का पालन कार्यालय का निरीक्षण एवं जांच करने के समय जरूर किया जायेगा ।

सरकार की स्थिति से यह स्पष्ट हो चुका है कि हमारा आन्दोलन और लम्बा चलेगा, इसके लिए हमारे सभी सदस्य चट्टानी एकता बनाये रखें और हड़ताल से संबंधित किसी प्रकार के अफवाहों से स्वयं दूर रहें तथा दूसरों को भी सचेत करते रहें ।

"संघ एकता जिन्दाबाद"

गंगाधर 1.10.2000   01/X/2000

(गंगाधर लाल दास)
महासचिव

(डब्लू0 एन0 सिंह)
अध्यक्ष

ज्ञापांक-185   दिनांक-01-10-2000.

प्रतिलिपि- निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन, पटना/ब्यूरो प्रमुख पी0टी0आई0/यू0एन0आई0/एक्सप्रेस मिडिया सर्विस/समाचार सम्पादक, सभी हिन्दी/अंग्रेजी दैनिक को प्रसारण एवं प्रकाशन हेतु प्रेषित ।

गंगाधर 1.10.2000

(गंगाधर लाल दास)
महासचिव ।